वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 309 | सोमवार 6 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## बॉलीवुड सितारे रैंप पर प्रस्तुत करेंगे डिजाइनर्स की कारीगिरी

### जयपुर कॉट्योर शो में चित्रांगदा सिंह, मुग्धा गोडसे, अनिरुद्ध दवे रैंप पर बिखेरेंगे फैशन का जलवा




**जयपुर. कासं।** ट्रेंडिंग ब्राइडल मेकअप एंड हेयर लुक्स रैंप पर शोकेस होंगे। ऐसा दिलकश नजारा प्रसिद्ध फैशन महोत्सव जयपुर कॉट्योर शो (जेसीएस) में दिखाई देगा। 11वें सीजन के तहत तीन दिवसीय जलसे की झलक प्रस्तुत करते हुए शो का चौथा और आखरी लुक लॉन्च इवेंट आतिश मार्केट स्थित क्लब कर्मा में प्रस्तुत किया गया। यहां खूबसूरत मॉडल्स ने शहर के डिजाइनर्स की ओर से तैयार किए गए परिधानों से पर्दा उठाया। इस दौरान शहर के जाने माने सेलिब्रिटी डिजाइनर शिवायु से आयुष और शिवानी सोनी, लेबल फ्यूशिया ब्राइडल कॉट्योर और हैशटैग सैलून से अर्पिता सिंह ने अपने खास जेसीएस के लिए तैयार किए गए परिधान और ट्रेंडिंग मेकअप लुक्स शोकेस किया। इस दौरान शो के फाउंडर गौरव गौड़, डायरेक्टर्स पीएन ढूढी, नकुल विजय के साथ पैट्रन जेडी माहेश्वरी, पवन गोयल और अतिथि राहुल जोनवाल उपस्थित रहे। हर साल की तरह इस साल भी शो में फिल्म और टेलीविजन सितारों का जमावड़ा देखने को मिलेगा। जिसमें डिजाइनर्स की नयाब कारीगरी को बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह, मुग्धा गोडसे, फिल्म बेल बॉटम फेम एक्टर अनिरुद्ध दवे, मॉडल एंड एक्ट्रेस तानिया चैटर्जी, एक्ट्रेस लिजा मलिक रैंप पर शोकेस करेंगी। अपने कलेक्शन की झलक शोकेस करते हुए डिजाइनर्स में फ्यूशिया ब्राइडल कॉट्योर की ओर से लखनवी और चिकनकारी के हैंड वर्क के साथ वेस्टर्न-फ्यूजन और न्यू ब्राइडल ट्रेडिशनल लहंगों को नए अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही शो में भगवती ज्वेल्स की हैवी गोल्ड और पोल्की ज्वेलरी के साथ शो स्टॉपर बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह रैंप पर जलवे बिखेरेंगी।

**सूचना**

शाबाश इंडिया दैनिक ई-पेपर कार्यालय में होली के अवसर पर 6, 7 व 8 मार्च को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 10 मार्च को प्रकाशित होगा। -सम्पादक

# डीजीपी बोले होली पर अलर्ट रहकर दें ड्यूटी...

### राजस्थान पुलिस पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी देने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को भी बनाए रखें

**जयपुर. कासं**

डीजीपी राजस्थान उमेश मिश्रा ने होली के अवसर पर राजस्थान पुलिस के जवानों व अधिकारियों एवं प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के प्रति सचेत रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष गंभीरता बरतने के निर्देश दिये हैं। डीजीपी बोले होली उत्साह और उमंग से भरा रंगों का पर्व है। इस पर्व पर पुलिस कर्मियों को पूरी मुस्तैदी से ना केवल ड्यूटी देने के साथ ही कानून व्यवस्था को भी बनाए रखना है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष गंभीरता बरतते हुए संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता और हुडदंग करने वालों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। होली के अवसर पर प्रदेश में परम्परागत सांप्रदायिक सद्भाव बना रहेगा और शांति और सद्भावना के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा।

### एक दिन बाद लाइन में होगी पुलिस की होली

होली में 24घंटे की ड्यूटी देने के बाद पुलिस भी अगले दिन होली खेलेगी। जयपुर कमिश्नरेट में धुलंडी के अगले दिन रिजर्व



पुलिस लाइन में होली का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिस में डीजीपी राजस्थान से लेकर जयपुर कमिश्नरेट के सभी सीनियर अधिकारी और थानों का जाप्ता मौजूद रहेगा। सुबह से ही थानों में होली खेलने का कार्यक्रम रखा जाएगा। इस दौरान कम जाप्ता थाने में रहेगा। पूरे प्रदेश में यही माहाल रहने वाला हैं। थानों में होगी खेलने के बाद थाना पुलिस जिले की लाइन में जाकर पुलिस अधीक्षक के साथ मिलकर होली खेलेंगे।

## जयपुर की सड़कों पर दिखी महिलाओं की सजी-धजी कारें

### कार रैली के बाद पार्टिसिपेंट्स ने लिया फूलो की होली, जुंबा, भांगड़ा का आनंद



**जयपुर. कासं।** इंटरनेशनल विमेंस डे के उपलक्ष में शहर की एलिट महिलाओं के क्लब पिंक वुमनिया और शैल्बी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महिला स्वास्थ्य का सन्देश देती विमेंस कार रैली निकाली गई। एड लाइफ टू योर बोन्स, हैल्दी ज्वाइंट्स हैल्दी लाइफ थीम पर आयोजित इस विमेंस कार रैली में सजी धजी 100 से अधिक कारों में सवार 500 से अधिक महिलाओं ने विभिन्न स्लोगन और कार डेकोरेशन के माध्यम से आमजन को महिला स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। जेएलएन मार्ग पर होटल ग्रांड उनियारा से शुरू हुई इस विमेंस कार रैली को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पार्षद मनोज मुदगल, पिंक वुमनिया क्लब की फाउंडर डायरेक्टर कनु मेहता, शैल्बी हॉस्पिटल के सीएओ डॉ. प्रतीक शर्मा, मार्केटिंग हैड विशाल शर्मा, आरटेक ग्रुप के एमडी राकेश यादव, एसजीएम आउटडोर के एमडी जे.डी. माहेश्वरी एवं मिसेज एशिया इंटरनेशनल अनुपमा सोनी, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल ने झंडी दिखाकर रवानगी दी। यह विमेंस कार रैली ग्रांड उनियारा से प्रारंभ होकर मयूर गार्डन, अपेक्स सर्किल, जगतपुरा, अक्षयपात्र मंदिर आदि शहर में विभिन्न स्थानों से होते हुए जेएलएन मार्ग त्रिमूर्ति सर्किल स्थित होटल ग्रैंड उनियारा पहुंचकर संपन्न हुई।

# श्रद्धालुओं ने कीर्तिश्वर महादेव मंदिर के साथ मनाया महोत्सव

## होलिका दहन आज सोमवार को

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

टोंक रोड़ स्थित कीर्ति नगर के कीर्तिश्वर महादेव तिकोना मंदिर में रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक ''**फागोत्सव**'' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओ ने भजन-भक्ति के साथ कीर्तिश्वर महादेव के साथ होली खेली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रंग, गुलाल सहित पुष्पवर्षा कर होली महोत्सव मनाया। इस दौरान अतिथि संजय बापना (पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं एआईसीसी सदस्य, कांग्रेस), अभिषेक जैन बिट्टू (प्रदेश प्रवक्ता संयुक्त अभिभावक संघ), देवेंद्र शास्त्री (पूर्व सचिव आम आदमी पार्टी राजस्थान), अर्चित गोयल, डॉ विष्णु गुप्ता, जितेंद्र गोयल आदि सहित कॉलोनी के 100 से अधिक परिवारों ने भाग लिया और फागोत्सव मनाया। कीर्तिश्वर महादेव मंदिर विकास समिति सचिव अरविंद अग्रवाल ने बताया की होली के अवसर पर इस बार तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है, रविवार को फागोत्सव के साथ इसकी मंगल शुरूवात की गई, सोमवार को शाम 6.30 बजे से होलिका दहन का मुख्य आयोजन होगा और मंगलवार को प्रातः 9 बजे से धुलंडी के अवसर पर सभी कॉलोनी वासियों द्वारा सामूहिक होली खेली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री सहित सभी पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।



# दिगम्बर आचार्य अंतर्मना 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज का रांची में भव्य मंगल प्रवेश



**रांची. शाबाश इंडिया**

झारखण्ड की राजधानी राँची का सौभाग्य है की परम पूज्य अंतर्मना आचार्य 108श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ के चरण राँची में पड़े, उनकी तप साधना सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी व सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक है। साधना महोदधि उभयमासोपवासी अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज का संघ सहित भव्याती भव्य महाजुलूस के रूप में स्वागत हुआ, सेकडो की संख्या में पुरुष,महिलाए , बच्चे आचार्य श्री की अगवानी हेतु करमटोली चौक में उपस्थित थे ।रंग बिरंगे झंडे ,महिलाओं की स्कूटर रैली, भजन मंडली ,शोभा यात्रा में चार चांद लगा रही थी ।हेमंत सेठी, आकाश सेठी,एवम उदित सेठी ने आचार्य श्री के स्वागत में अपने मधुर भजनों से उपस्थित गुरुभक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया। गुरुभक्तो के द्वारा जगह जगह पर आरती उतार कर एवम् पाद प्रक्षालन करअगवानी की गई। यात्रा प्रातः 7.00 बजे मेंडिका हॉस्पिटल से प्रारम्भ होकर करमटोली चौक, कचहरी चौक, फिरायालाल होते हुए जैन मंदिर अपर बाजार,से रातु रोड वासुपुज्य जिनालय में प्रवचन सभा में परिवर्तित हुई, आचार्य श्री के शिष्य द्वारा विनयांजलि हुई तत्पश्चात 105 क्षुल्लक श्री सहज सागर जी द्वारा गुरु महिमा का रसपान मिला फिर उपाध्याय 108 श्री पियूष सागर जी ने जीवन के पाँच तत्व की चर्चा हुई। आचार्य श्री ने अपने उद्बबोधन में धर्म और नियम की चर्चा कथा के माध्यम से की और शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर की वन्दना का महत्त्व बताया। प्रवचन सभा का संचालन समाज के सह मंत्री जैन पंकज पांड्या ने किया,बाहर से भी कई अतिथी पधारे उनका स्वागत किया गया और जशपुर (छत्तीसगढ़) समाज के लोगो द्वारा आचार्य संघ के समक्ष श्रीफल भेंटकर जशपुर आने का आग्रह किया। यह जानकारी सुरेश काशलीवाल , राकेश काशलीवाल/कोडरमा मीडिया प्रभारी राज कुमार अजमेरा द्वारा दी गई।

# सुरेंद्र-सुलोचना मोदी की 52वी शादी की वर्षगांठ के अवसर पर समाज जनों ने दी बधाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बापू नगर के सुरेंद्र-सुलोचना मोदी की 52 वी शादी की वर्षगांठ के अवसर पर महेंद्र कुमार पाटनी, राजकुमार-सुशीला सेठी, डॉ राजेंद्र कुमार-उर्मिला जैन, निर्मल-सरला संघी, राजेश-सीमा बड़जात्या, अनंत कीर्ति मोदी, नितेश निधि मोदी ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर माला पहनायी व पुष्प गुच्छा प्रदान कर बधाइयां प्रेषित की।

# खूबसूरत फाग गीतों से सजा श्री वीर सेवक मंडल का होली समारोह 'फूलों की रंगारंग होली'



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री वीर सेवक मंडल का होली समारोह ''फूलों की रंगारंग होली'' सी स्कीम स्थित महावीर स्कूल प्रांगण में सतरंगी छटा के बीच धूमधाम से मनाया। इस मौके पर शेखावाटी कल्चर आफ मंडावा आल शेखावाटी के करीब डेढ़ दर्जन के आसपास कलाकारों ने देर रात तक और रंग दे म्हाने...प्यारा लागो भाभी ने देवर...रंग बरसे भीगे...जैसी फाग रचनाओं पर नाच-गाकर उपस्थित श्रोताओं को इन्द्रधनुषीय रंग में भिगोय रखा। श्री वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला ने बताया कि सतरंगी आयोजन ''फूलों की रंगारंग होली'' का आगाज दीप प्रज्जवलनकर्ता समाजश्रेष्ठी उमरावमल-नवीन संघी और मुख्य अतिथि श्रेष्ठी अनिल-उमा दीवान सहित विशिठ जनों ने दीप जलाकर व प्रथम पूज्य की आराधना से हुआ। इसके बाद सभी अतिथियों का श्री वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला, मानद मंत्री भानु कुमार छाबड़ा व संयुक्त मंत्री सुरेश भोंच, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार छाबड़ा, महेश बाकलीवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने गुलाल का तिलक,माला व साफा पहनाकर किया। इसके बाद शुरू हुआ होली का धमाल जिसमें शेखावाटी कल्चर आफ मंडावा की मंडली के गौरी शंकर गहलोत,अशोक सोनी,प्रदीप सोनी,अनिल सोनी,देवकी सोनी,अजय सोनी व डांस ग्रुप सुधाकर दुवे, अंकिता आदि कलाकारों ने चंग व ढप पर पल्लो लटको थारो पल्लो पल्लो लटको...गोरा गाल तेरा...मैं तो पाणी दने गइ मेरा



श्याम..धमाल-सारो नगर...होली खेले रघुवीरा...होलिया में उड़े रे गुलाल...जैसे फाग की रचनाओं सुनाई और इन पर उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन करवाया। इस दौरान देर तक महावीर स्कूल का प्रांगण और वहां बैठे श्रोताओं का समूह होली का मस्ती में सराबोर नजर आया। इस मौक पर श्री वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला को भारतवर्षीय तीर्थ कमेटी में राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त होने पर सम्मान किया गया। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व आईएएस एनके सेठी, श्रीमहावीर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, श्री दिगम्बर अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन दौसा वाले,मंत्री एडवोकेट हेमंत सौगानी, श्रीमहावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के मानदमंत्री सुनील बख्शी, मुकुल कुटारिया, श्रीदिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन,जस्टिस एनके जैन,ज्ञानचंद झांझरी,समाजसेवी राजीव जैन गाजियाबाद,अशोक जैन नेता, कमल बाबू जैन, राजकुमार सेठी,रुपिन काला, शेलेन्द्र गोधा समाचार जगत, सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर खूबसुरत व संजीदा मंच संचालन मनीष बैद, राकेश छाबड़ा ने किया।

# वेद ज्ञान

## समरसता के लिए प्रेम आवश्यक

जीवन में सरसता के लिए प्रेम आवश्यक है। इसका संबंध मन से है। सांसारिक पदार्थों का इसमें कोई योगदान नहीं है। मन से अधिक ताकतवर कुछ भी नहीं है। इसकी चंचलता जीवन को अस्थिर करती है और मन का टिकना अनेक दुखों से बचाने वाला है। मन जब प्रेम से परिपूर्ण हो तब जीवन बदलने लगता है और आनंद की अवस्था प्राप्त होती है, किंतु प्रेम कर पाना जीवन का सबसे कठिन कर्म है। इसके लिए मन के सारे विकार त्यागने पड़ते हैं और इसे संवेगों से रहित और निर्मल बनाना पड़ता है। यह महान साधना है। कितने ही ऋषियों और मुनियों का सालों का जप-तप मन के चलते पलों में व्यर्थ चला गया। ज्ञानियों का ज्ञान, त्यागियों का त्याग मन की निर्मलता और प्रेम के बगैर निष्फल रहा। घर, परिवार और समाज त्यागने से नहीं, मन के विकार त्यागने से निर्मलता प्राप्त होती है। दूसरा सबसे बड़ा आधार है विश्वास। सारे संशय दूर हो जाएं, भ्रम मिट जाएं और मार्ग स्पष्ट दिखने लगे, तभी मन में विश्वास के बीज अंकुरित होते हैं। विकारों को त्यागने और विश्वास को धारण करने से ही मन में प्रेम की तरंगें उठने की स्थितियां बनती हैं। संसार में प्रेम को विभिन्न रूपों में देखा जा रहा है। माता और पिता से, संतान से, संबंधियों से, स्त्री और पुरुष से, धन, दौलत, शोहरत, शक्ति से प्रेम है, किंतु आवश्यक नहीं कि इनसे सदा आनंद की प्राप्ति हो और कभी दुख न सहना पड़े। अध्यात्म समस्त संबंधों को नाशवान और स्वार्थों पर आधारित मानता है। जब तक हित साधन हो रहा है तब तक संबंध हैं। हित पूरे न होने पर निकट से निकट संबंध भी बालू की भीति की तरह धराशायी हो जाते हैं। प्रेम का वास्तविक रूप परमात्मा से जुड़ने में है, जिसने सारे जीव पैदा किए हैं। जो सबका पिता है, उससे प्रेम का आनंद सदा बना रहने वाला और सुखदायक है। शुद्ध मन और अटूट विश्वास के साथ परमात्मा से प्रेम संबंध कायम करना ही उसे पाने का मार्ग है। इसके लिए भी उसकी कृपा चाहिए। मन में एक बार परमात्मा से प्रेम का रस पैदा हो जाए तो संसार के सारे रस फीके लगने लगते हैं और मन टिकने लगता है। ईश्वर स्वयं प्रेम स्वरूप है। अगर आप देखें तो यह समस्त प्रकृति भी प्रेम स्वरूप है।

# संपादकीय

## आसमान छूती महंगाई से राहत क्यों नहीं?

रसोई गैस की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी खासतौर से चुभने वाली है। पूर्वोत्तर के राज्यों में मतदान खत्म होने के साथ ही रसोई गैस के सिलेंडर के दामों में एकमुश्त पचास रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। रसोई गैस के सिलेंडर के दाम पहले ही एक हजार के पार थे और इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 1,103 रुपए हो गई है। वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में साढ़े तीन सौ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। यानी अब उन्नीस किलोग्राम के वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले गैस सिलेंडर के दाम 2,119.5 रुपए तक पहुंच चुके हैं। जाहिर है, अलग-अलग राज्यों में वहां की कीमतों के अनुपात में बढ़ोतरी हुई है। होली से ऐन पहले हुई यह वृद्धि स्वाभाविक है कि लोगों को खलेगी। महंगाई पहले ही आसमान छू रही है और पेट्रोल के दाम लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। ऐसे में रसोई गैस की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी खासतौर से चुभने वाली है, क्योंकि सरकार ज्यादातर गैर-उज्वला उपयोगकताओं को अब कोई सबसिडी नहीं देती है। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन पाने वाले 9.58 करोड़ गरीबों को प्रति सिलेंडर दो सौ रुपए सबसिडी मिलती है। अब सबसिडी के बाद उन्हें भी एक सिलेंडर के लिए 903 रुपए चुकाने होंगे। साफ है कि गरीब और निम्न मध्यवर्गीय लोगों को इस कमरतोड़ महंगाई से फिलहाल निजात मिलती नहीं दिख रही। वहीं अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी खबर अच्छी नहीं है। महामारी की मार से उबर रही अर्थव्यवस्था को रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति शृंखला प्रभावित होने की वजह से झटके सहने पड़े हैं। नतीजे में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन के कारण देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2022-23 के वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घट कर 4.4 फीसद पर आ गई है। जबकि 2021-22 की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था 11.2 फीसद की दर से बढ़ी थी। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर सात फीसद रहने का अनुमान है जो पिछले वर्ष 9.1 फीसद थी। मान लिया जाए कि जीडीपी की वृद्धि दर को प्रभावित करने वाले कई अंतरराष्ट्रीय कारक होते हैं और यह कभी तेज तो कभी सुस्त होती रहती है, लेकिन सरकार देश के वंचित तबकों के प्रति अपनी जवाबदेही और दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। महामारी के बाद महंगाई की मार झेल रहे सबसे निचली कतार में खड़े लोगों के लिए रसोई गैस के सिलेंडर जैसी बुनियादी चीज की बेलगाम कीमतें काफी परेशानी भरी साबित हो रही हैं। सच यह है कि सबसिडी के बावजूद उज्वला योजना तक के सिलेंडर के ऊंचे दाम इसके दायरे में आने वाले उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर हो रहे हैं। खुद सरकार संसद में बता चुकी है कि उज्वला योजना के चार करोड़ तेरह लाख लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर नहीं भरवाया तो 7.67 करोड़ लाभार्थियों ने सिर्फ एक बार भरवाया। सरकार कह सकती है कि रसोई गैस के सिलेंडर के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों से तय होती हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## शिकायत...

डिजिटल दुनिया में एक ओर जहां बेहद उपयोगी विचार, बहसें और अन्य सामग्रियों से लोग रूबरू हो रहे हैं, वहीं कुछ लोगों की वजह से बहुस्तरीय परेशानियां भी खड़ी हो रही हैं। आधुनिक तकनीकी के विस्तार के साथ अब इसमें कोई दो राय नहीं है कि आने वाले वक्त में कामकाज से लेकर बहुत सारी दूसरे क्षेत्रों में डिजिटल निर्भरता बढ़ने वाली है। खासतौर पर सूचना और संचार के संदर्भ में इंटरनेट तक लोगों की बढ़ती पहुंच ने दुनिया के दायरे को छोटा बनाया है और इसी मुताबिक विचारों की अभिव्यक्ति के नए फलक भी खोले हैं। सोशल मीडिया के अलग-अलग मंच और उनके उपयोगकर्ताओं की तादाद में लगातार बढ़ोतरी से यह पता चलता है कि ज्ञान अर्जित करने से लेकर विचारों को जाहिर करने तक के लिए नए दरवाजे तो खुले हैं, मगर इसके साथ ही कई स्तरों पर जिम्मेदारी की भी जरूरत महसूस की जाने लगी है। दरअसल, सोशल मीडिया के मंचों ने अपने उपयोगकर्ताओं को अपने विचार जाहिर करने से लेकर अन्य गतिविधियों के लिए जगह तो मुहैया कराई है। लेकिन किसी अवांछित परिस्थिति के पैदा होने पर इसके लिए जिम्मेदारियों के निर्धारण की प्रक्रिया अब तक ठोस शक्ल नहीं ले सकी है। निश्चित तौर पर कुछ उपयोगकर्ता इसका बेजा इस्तेमाल करते हैं और ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत आने पर संबंधित सोशल मीडिया के नियंत्रक अपने स्तर पर निपटते भी हैं। लेकिन अगर शिकायत के कठघरे में खुद कोई सोशल मीडिया का मंच हो, तो ऐसी समस्या के हल के लिए भी एक तंत्र की जरूरत महसूस की जाती रही है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को सरकार की ओर से एक शिकायत अपीलीय समिति की शुरूआत की गई, जो सोशल मीडिया मंचों के फैसलों के खिलाफ उपयोगकताओं की अपीलों पर गौर करेगी। उम्मीद की जा रही है कि इस समिति के जरिए उपयोगकताओं के प्रति डिजिटल मंचों की जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह एक ऐसी आनलाइन समाधान प्रणाली है, जिसमें मेटा यानी फेसबुक या ट्विटर जैसे मध्यस्थ मंचों के शिकायत अधिकारी के फैसले से पीड़ित कोई उपयोगकर्ता इससे संबंधित शिकायत दर्ज करा सकता है। सरकार की ओर से इसका मकसद यह बताया गया है कि शिकायत समाधान प्रणाली लोगों के प्रति जवाबदेह हो। यह सही है कि सोशल मीडिया के मंचों पर किसी फर्जी नाम वाले खाते से या फिर इसी तरह के अन्य स्रोतों का सहारा लेकर कई बार अवांछित हरकतें या गतिविधियां की जाती हैं। अगर इसके खिलाफ संबंधित मंचों के कार्यालयों में शिकायत भेजी जाती है तो वहां से जरूरी कार्रवाई होती है। लेकिन ऐसा भी देखा गया है कि कई बार सोशल मीडिया का कोई मंच खुद मनमाने फैसले लेने के आरोपों के कठघरे में खड़ा होता है। ऐसी स्थिति में अब उपयोगकर्ता के पास एक तंत्र है, जहां वह किसी सोशल मीडिया मंच के फैसले पर शिकायत दर्ज करा सकता है। डिजिटल दुनिया में एक ओर जहां बेहद उपयोगी विचार, बहसें और अन्य सामग्रियों से लोग रूबरू हो रहे हैं, वहीं इसकी उपयोगिता का फायदा उठाने वाले कुछ लोगों की वजह से बहुस्तरीय परेशानियां भी खड़ी हो रही हैं। दूसरी ओर, इंटरनेट मध्यवर्ती कंपनियों की ओर से भी बड़ी संख्या में उपयोगकताओं की शिकायतों को अनसुना किए जाने या फिर असंतोषजनक समाधान देने के मामले भी सामने आ रहे थे। जाहिर है, ऐसे में जिस इंटरनेट को ज्ञान और सुविधा के नए आकाश के तौर पर देखा जाता है, उसमें यह एक तरह से बाधक तत्त्व के रूप में काम करता है। इसलिए इंटरनेट को मुक्त, सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह बनाने के मकसद से की गई ताजा पहल बेहद अहम है।

# सिद्धों की अराधना का छठवां दिन

# महासती मैना सुंदरी नाटक का हुआ मंचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन मंदिर महारानी फार्म, गायत्री नगर में 4 मार्च को प्रातः 7:30 बजे से आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर सिद्धों की आराधना करते हुए पंच परमेष्ठियों के अर्घ्य प्रदुमन शास्त्री जयपुर के निर्देशन में चढ़ाए गए। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबडा ने अवगत कराया कि मूलनायक बेदी पर श्री जी के प्रथम अभिषेक शांतिधारा ,जितेंद्र बाकलीवाल प्रदीप बाकलीवाल, राहुल झांझरी ने किए। तत्पश्चात सिद्धचक्र महामंडल विधान के पंडाल में अभिषेक शांतिधारा सोधर्म इद्र उदयभान जैन बडजात्या, चक्रवर्ती अशोक पापड़ीवाल, आणत इन्द्र प्रकाश बाकलीवाल ,शुक्र इंद्र वीरेन्द्र अजमेरा, ब्रह्मोत्तर इन्द्र गैंदमल जैन एवं समस्त इद्रों ने अभिषेक शांतिधारा की। राजेश बोहरा मंत्री मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार सिद्धचक्र महामंडल विधान में प्रदुम्न शास्त्री जी के निर्देशन में, संगीतकार अविनाश एवं समाज सेविका सुनंदा अजमेरा की मधुर आवाज में 212 अर्घ्य सोधर्म इद्र -- इंद्राणी उदयभान जैन- अनिता बड़जात्या ,कुबेर इन्द्र मुकेश -संगीता सोगानी, महायज्ञ नायक अनिल अमिता गोधा, चक्रवर्ती अशोक विमला पापड़ीवाल , प्रमिला शाह एवं विधान में बैठने वाले सभी इंद्र इन्द्राणियों ने भक्ति भाव से अर्घ्य चढ़ाए। मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह ने अवगत कराया चक्रवर्ती अशोक पापड़ीवाल परिवार ने यंत्र पर अभिषेक व जल समर्पित किया। सांय महाआरती के पश्चात महासती मैना सुंदरी नाटक की प्रस्तुति की,जिसमें दीप प्रज्वलन सारसमल पदम झांझरी परिवार ने किया, मंदिर प्रबंध समिति द्वारा तिलक, माला दुपट्टा, शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। उक्त नाटक के प्रमुख सूत्रधार पदम झांझरी, संगीता छाबड़ा , निर्देशन सुरेश कुमार महुआ का था। कलाकार स्थानीय महिलाएं व बालिकाएं थी सभी को पारतोषिक संतोष गंगवाल द्वारा प्रदान किए गए। सभी ने उक्त नाटक की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



## नेट थिएट पर तबले की तिहाई अंगुलियों थिरकी तो तबले के दाया बाया बोल उठे



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज युवा तबला कलाकार रितिक व्यास ने तबले पर अपनी उंगलियों पर ऐसा जादू बिखेरा की दर्शक वाह-वाह कर उठे। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया की कलाकार रितिक व्यास ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत ताल- तीन ताल में तबला वादन कर की।इसके पश्चात उन्होंने पेशकार, घरानों के कायदे, रेला, टूकड़ा, गत फरमाइशी गत, द्रुत लय में त्रिपल्ली आदि पेश की।इसके बाद रितिक ने फरमाइशी चक्रधार गत, बजाकर लोगों की वाही वाही लूटी।रितिक व्यास ने तबले की प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता और गुरु जो कि एक जाने-माने तबला वादक हैं, दिनेश व्यास से ली ।उन्हें बचपन से ही संगीत का माहौल मिला।इनके साथ हारमोनियम पर भानु कुमार राव ने असरदार संगत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया।कार्यक्रम का संचालन आर डी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रकाश व्यवस्था मनोज स्वामी एवं तपेश शर्मा, कैमरा अनिल मारवाड़ी, मंच सज्जा जितेंद्र शर्मा, देवांश सोनी जीवितेश शर्मा एवं अंकित शर्मा नोनू की रही ।

## आचार्य वसुनन्दी जी महाराज को जोधपुर आगमन के लिए श्रीफल भेंट किया



**जोधपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन समाज ने आज आचार्य वसुनन्दी जी महाराज (ससंघ) को जोधपुर आगमन के लिए श्रीफल भेट किया। समाज के अध्यक्ष प्रकाशचंद,मंत्री निखिल डूंगावत, उपमंत्री जैन प्रकाश,भूतपूर्व अध्यक्ष संपत लाल पांड्या, निर्मल चौधरी, भूतपूर्व मंत्री दीपक गोधा, सुमेर सेठी, अखिल भारतवर्षीय, धर्म जागृति संस्थान के जोधपुर इकाई के अध्यक्ष दौलत कानूगा, मंत्री संदीप पांड्या,कोषाध्यक्ष राजन कासलीवाल, अरविंद सेठी, रंजन, महावीर, चंद्रप्रकाश, आशीष, रंजन, नवीन, विमल काला,महिला महासमिति की अध्यक्ष मधु कटारिया, मधु कासलीवाल, संगीता , सीमा, प्रमिला,सरोज,आदि कई गणमान्य व्यक्तियो ने इस कार्य मे अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल निष्पादन के लिए दिगम्बर जैन पंचायत जोधपुर ने आचार्य वसुनन्दी मुनि संघ सेवा समिति का भी गठन किया है जिसमे दौलत जैन को संयोजक, दीपक गोधा , संदीप पांड्या, अभिषेक चाँदीवाल को उपसंयोजक व संजय सेठी, रंजन कानूगा, पंकज छाबड़ा, अरविंद सेठी, रतनलाल गंगवाल, चैनसुख पाटनी को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

# मुरलीपुरा जैन मंदिर में नवीन मूर्ति स्थापना के साथ सम्पन्न हुआ शांति विधान व हवन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनाँक 5 मार्च 2023, रविवार को श्री महावीर दि. जैन मंदिर मुरलीपुरा में, प. डॉ. श्री सनत कुमार जैन विधानाचार्य व नरेन्द्र जैन एवं पार्टी ( संगीतकार ) के सानिध्य में सकल दि. जैन समाज मुरलीपुरा के श्रावक व श्राविकाओं ने भक्तिभाव से मूर्ति स्थापना के मौके पर शान्ति विधान व हवन किया। मंदिर कमेटी के महामंत्री नीरज जैन ने बताया कि दिनाँक 13 फरवरी 2023 को मंदिर वेदी से धातु की चार प्रतिमायें चोरी हो गयी थी। उसके पश्चात रिक्त हुए स्थान पर सकल जैन समाज, मुरलीपुरा के सहयोग से धातु की 2 प्रतिमाओं ( शांतिनाथ जी व चौबीसी ) को लाकर विराटनगर पंच कल्याणक में प्रतिष्ठित करवाकर दिनाँक 5 मार्च को पुनः वेदी में स्थापित किया गया। प्रातः 7 बजे से बोली के माध्यम से स्थापनकर्ता के रूप में नवीन मुर्तियों को वेदी में विराजमान करने व उनका प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य रमेशचंद विमल लुहाड़िया (देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान ) व



भागचंद , मनीष कुमार , रियांशु कासलीवाल, चौमूं वाले ( चौबीसी भगवान ) को प्राप्त हुआ। दोनों नवीन मूर्तियों की शांतिधारा करने का अवसर रमेशचंद , आशीष , रवि जैन, मालपुरा वाले ( शांतिनाथ भगवान ) व रिषि कुमार , जिनेन्द्र कुमार , सम्भव, शुभम बड़जात्या, जोबनेर वाले ( चौबीसी भगवान ) को प्राप्त हुआ। सौधर्म इंद्र के रूप में विधान में बैठने व मूलनायक देवाधिदेव 1008 श्री महावीर भगवान के प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सुरेश चंद जैन, नीरज जैन, पंकज जैन, ऋषभ जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस शुभ अवसर पर श्रावक श्राविकाओं ने नरेंद्र जैन के भक्ति गीतों पर भक्ति नृत्य करते हुए पूजा, विधान का आंनद लिया। विधान के



पश्चात मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में धूप व घी की आहुति देते हुए हवन किया गया। तत्पश्चात विधान पूजन में बैठे सभी लोग सौधर्म इंद्र व इंद्राणी को विधान के मंगल कलश के साथ उनके निज निवास पर छोड़ने गये, जहाँ सौधर्म इंद्र परिवार की तरफ से सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। अंत में प. डॉ. सनत कुमार जैन ने सभी को मंगल आशीर्वाद दिया।




# विश्व शांति के लिए सद्भावना यात्रा का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

5 मार्च को बुद्ध ज्योति बिहार एवं सर्व धर्म मैत्री संघ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व शांति हेतु सद्भावना यात्रा का कार्यक्रम रखा गया। सर्व धर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया अंबेडकर सर्कल स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीक्षाभूमि प्रकाश जैन, फादर कॉस्मो शेखावत, सरदार जगदीश सिंह सोखी, महंत श्यामसुंदर शरण देवाचार्य, बीके आशा बहन वह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर के द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात रैली को मुख्य अतिथि श्रीमती नसीम अख्तर ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अंबेडकर सर्किल से रैली प्रारंभ होकर आगरा गेट चर्च पहुंची तत्पश्चात हनुमान जी मंदिर एवं गणेश मंदिर पर महंत श्यामसुंदर शरण देवाचार्य के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प वर्षा की गई। जैन नसिया पहुंचने पर मोनू गदिया , लोकेश दिलवारी के द्वारा यात्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। गंज गुरुद्वारा पहुंचने पर पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण देवेंद्र सिंह दुआ, सरदार दिलीप सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह अभिनंदन किया। दरगाह शरीफ पहुंचने पर सैयद आरिफ हुसैन रियाज अहमद चिश्ती के द्वारा दस्तारबंदी करवाई गई एवं कामयाबी की दुआ के लिए अकीदत के पुष्प चढ़ाए गए। पदयात्रा का मुख्य आकर्षण मुनि प्रमाण सागर द्वारा रचित मंगल भावना पूरे शहर वासियो के लिए एक विशेष आकर्षण रहा जिसमें न केवल शहर की देश की अपितु पूरे विश्व की शांति के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए मंगल कामना की गई ,अत्यंत सराहनीय प्रार्थना रही। रैली में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से बीके आशा बहनजी, ओम प्रकाश भाई , राव भाई जी बुद्ध ज्योति बिहार से, डॉक्टर लेखराज ललित जरवाल प्रेम प्रकाश जी उम्र वालों दत्तराज बैरवा प्रेम सिंह खोर विशेष सहयोग रहा।

## जन्म के समय आंखे तो होती हैं लेकिन-स्वस्तिभूषण
## आज महायज्ञ एवं रथयात्रा निकलेगी



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया।**

**मुरेना।** संसार में कोई शरीर से आकर्षित होता है, कोई कला से । कोई धन से आकर्षित होता है, कोई आवाज से । जो जिससे अकर्षित होता है उसे वही सही लगता है ।जो सही होता है वह सही नहीं लगता ।जो आकर्षित करता है, वह सही लगता है ।जिसमें गुण दिखते है, उससे मिलने का प्रयास करते है ।लेकिन जिसकी ज्ञान की आंखें, सत्य की आंखें खुल जाती हैं, उन्हें भगवान में गुण ही गुण दिखते हैं ।जिनकी सत्य की आंखें न खुली हों, वह भगवान को मानते तो हैं, पर जानते नहीं हैं ।जैसे जन्म के समय आँखें तो होती हैं लेकिन देखने की क्षमता नहीं होती ।बुढ़ापे में आँखें तो कमजोर हो जाती हैं पर जानने की क्षमता बढ़ जाती है।उक्त बात जैन साध्वी गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने जैन बगीची में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान के सांतवे दिन धर्म सभा में व्यक्त किये।पूज्य गुरुमां ने बताया कि 1008 गुणों के कारण ही भगवान के नाम के सामने 1008 लिखा जाता है ।सिद्धचक्र विधान में उन्हीं 1008 गुणों के अर्घ समर्पित किये गए हैं ।समवशरण में सौधर्म इंद्र 1008 नाम बोलकर भगवान कि भक्ति करता है।उन नामों को आचार्यों ने लिपिवद्ध किया है ।सिद्धों की भक्ति में यही अर्घ चढ़ाये गए हैं जिसको जिससे प्रेम होता है उसकी प्रशंसा करता है ।

# श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रबंध समिति मंगलम आनंदा, जयपुर के चुनाव संपन्न

### पदम जैन अध्यक्ष,सुरेश गंगवाल मंत्री बने



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मंगलम आनंदा, सांगानेर, जयपुर की प्रबंध समिति के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी सुरेश पापड़ीवाल द्वारा जारी सूचना के अनुसार पदम जैन अध्यक्ष, अतुल पाटनी उपाध्यक्ष, सुरेश गंगवाल मंत्री, विद्या प्रदीप काला संयुक्त मंत्री, प्रदीप कान्त जैन कोषाध्यक्ष, आशीष जैन सांस्कृतिक मंत्री एवं अनिल जैन, दिनेश जैन, राजीव बज, सुनील जैन सदस्य के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जैन समाज मंगलम आनंदा ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति ग्राम पंचायत सहायक, शिक्षाकर्मी, पैराटीचर्स व मदरसा पैराटीचर्स को मिलेगा बढ़ा हुआ मानदेय

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ग्राम पंचायत सहायकों, शिक्षाकर्मियों, पैराटीचर्स एवं मदरसा पैराटीचर्स के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। प्रस्ताव के अनुसार राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 के तहत ग्राम पंचायत सहायकों, शिक्षाकर्मियों, पैराटीचर्स व मदरसा पैराटीचर्स के मासिक मानदेय को बढ़ाकर 16900 रुपए कर दिया गया है। इस बढ़ोतरी का लाभ बीएड, बीएसटीसी अथवा डीएलईडी की शैक्षणिक योग्यता वाले संविदाकर्मियों को देय होगा। इसके अतिरिक्त, प्रस्ताव में शिक्षाकर्मी, पैराटीचर्स, ग्राम पंचायत सहायक एवं मदरसा पैराटीचर्स का पदनाम संशोधित कर क्रमशः सहायक शिक्षक, कनिष्ठ शिक्षक, पंचायत शिक्षक एवं शिक्षा अनुदेशक कर दिया गया है।




## सिद्धचक्र महामंडल विधान में आज मंडल पर 256अर्घ्य चढ़ाए गए



**फागी. शाबाश इंडिया**

धर्म परायण नगरी फागी कस्बे में आचार्य 108 श्री इंद्र नंदी जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में चल रहे अष्टाह्निका महा पर्व के उपलक्ष में सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद, कैलाशचंद, हनुमान प्रसाद, सीताराम, अशोक कुमार, विनोद कलवाड़ा, भरत लाल कलवाड़ा परिवार की तरफ से 27 फरवरी से 8 मार्च तक चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान में संगीत की लहरियों के साथ विभिन्न पूजाएं की जा रही है,कार्यक्रम में प्रातः श्री जी का अभिषेक, विश्व कल्याण हेतु वृहद् शांतिधारा की गई , श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में आज श्रावकों ने सिद्ध भगवान के गुणों के 256 अर्घ्य मंडल पर समर्पित किए।



## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायक्या का जयपुर में भव्य स्वागत




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायक्या का जयपुर प्रवास में रीजन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर की कार्यकारिणी सभा में इंदौर से पधारे फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायक्या, राष्ट्रीय महासचिव विपुल बाँझल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पांड्या, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष नवीन सेन जैन, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष यश कमल अजमेरा, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव आशीष जैन सूत वाले का भव्य स्वागत अभिनंदन तिलक, माला, शॉल, दुपट्टा तथा प्रशस्ति प्रदान कर अनिल जैन IPS संस्थापक अध्यक्ष, रीजन अध्यक्ष, रीजन महासचिव व उपस्थित ग्रुप के अध्यक्ष, सचिव एवं रीजन कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा किया। रीजन महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि सभा भक्तामर के 26 वे श्लोक के सामुहिक वाचन के साथ मंगलाचरण करके की गई सर्वप्रथम अतिथियों का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने सभी उपस्थित अतिथियों को आगामी कार्यक्रम के संदर्भ में सभा को अवगत कराया । राष्ट्रीय महासचिव विपुल जी बाँझल ने उपस्थित सदस्यों को फेडरेशन की गतिविधियों की जानकारी सभा को प्रदान की। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायक्या ने सदस्यों को अपने अभिभाषण में आने वाले वर्षों में क्या करना है, किस तरीके से अपने कार्यों को अंजाम देना है , फेडरेशन को आगे बढ़ाना है तथा नए ग्रुप खोलने के लिए आह्वान किया अंत में सुनील बज रीजन कार्याध्यक्ष ने आभार व धन्यवाद ज्ञापित कर सभा समाप्त की। रीजन कोषाध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि जयपुर आगमन पर सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का रेल्वे स्टेशन व भट्टारक जी की नसीया में भव्य स्वागत व अभिनंदन रीजन पदाधिकारियों द्वारा किया गया ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# फाग महोत्सव मनाया

रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। अग्रवाल महिला मंडल व श्याम सखी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को फ्रॉमजी चौक स्थित जी डी टावर में फाग महोत्सव मनाया गया। जिसमें अग्रवाल मण्डल की महिलाओं व सभी श्याम सखियों ने राधा कृष्ण के साथ फूलों से जमकर होली खेली। फाग महोत्सव का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात भजनों व नृत्यों के साथ राधा कृष्ण के साथ फूलों से होली खेली। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के गेम खेले गए व विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की लगी स्टालों पर महिलाओं ने व्यंजनों के लुफ्त उठाएं।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



उदयपुर. शाबाश इंडिया

जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन मेवाड़ रीजन के चेयरमैन मोहन बोहरा व सचिव सुभाष मेहता के सानिध्य में मेवाड़ रीजन की महिला सशक्तिकरण कमिटी चेयर पर्सन डॉ प्रमिला जैन द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में 'महिला सशक्तिकरण में महिलाओं की भूमिका' विषय पर द्वि- स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके प्रथम चरण में 74 निबंध की प्रविष्टियां प्राप्त हुई। निबंध का मूल्यांकन करने हेतु दो अलग-अलग निर्णायकों को यह प्रविष्टियां भेजी गई उसमें से वरीयता क्रम से 20 प्रतिभागियों का चयन किया गया। द्वितीय चरण में चयनित 20 प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषय पर 10 मार्च को होगी। यह जानकारी महिला सशक्तिकरण कमिटी चेयरपर्सन डॉ प्रमिला जैन द्वारा दी गई।

# अरुण जैन लड्डू बने अतिशय क्षेत्र झँडवा के अध्यक्ष



गौरव जैन. शाबाश इंडिया

अशोकनगर। चम्बल नवराष्ट्र, रविवार को अतिशय क्षेत्र झँडवा पर होने जा रहे श्री मज्जिनेन्द्र विमान महोत्सव व नवीन कमेटी के गठन को लेकर एक मीटिंग का आयोजन तीर्थ क्षेत्र झँडवा पर किया गया। क्षेत्र के प्रचार मंत्री निमेश जैन ने बताया झँडवा तीर्थ क्षेत्र अशोकनगर से 45 किमी दूर जिला विदिशा तहसील सिरोंज में आने वाला अतिशयकारी तीर्थक्षेत्र है। जहां आज प्रातःकाल की बेला में पूर्व कमेटी व सभी सदस्य मंदिर जी में उपस्थित हुए सर्व प्रथम मूलनायक आदिनाथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा व पूजन की गई तदोपरान्त कमेटी के गठन को लेकर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए अरुण जैन लड्डू, महामंत्री:-राजीव जैन पारस साइकिल, मंत्री :-सुनील जैन क्राकरी, शैलेंद्र मुरारिया, सतीश जैन,महावीर राजपुर, **उपाध्यक्ष:-** विकाश जैन रिंकू आकाश स्टील,वीरेंद्र झँडवा,नीरज रतलामी, कोषाध्यक्ष:-बाबूलाल ओंढेर।
सह कोषाध्यक्ष -संतोष आरोन
कार्यकारी अध्यक्ष-संजय सिंघई,
प्रचार मंत्री-निमेश जैन, मनोज बजाज,निर्माण संयोजक-सुनील मंगलदीप को नियुक्त किया गया नवीन कार्यकारणी को राहुल जैन एडवोकेट, अभिषेक मोदी, राजेश मोहरी, नरेश बकील साहब, दिलीप स्वराज, राजीव नमक अन्य साथीगणों ने बधाई दी उसके बाद श्री जी की शोभयात्रा के लिए 19/03/2023 रविवार के दिन का चयन किया गया श्री जी की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सकल दिगम्बर जैन समाज से नवीन अध्यक्ष व समस्त सदस्यों ने निवेदन किया। सभा का मंगलाचरण राहुल एडवोकेट ने किया व आभार सुनील जैन क्रोकरी ने व्यक्त किया।विमर्श जागृति मंच,जैन मिलन सेंट्रल, जैन मित्र संगठन सहित अन्य इष्टमित्रों ने सभी को हार्दिक बधाईयां दी है।



# सुरेंद्र कुमार जैन पांड्या महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित




**इंदौर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन महासमिति के चुनाव आज इंदौर में संपन्न हुए जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री के लिए सुरेंद्र कुमार जैन पांड्या का चयन किया गया और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के लिए रूप में गौरव जैन का चयन किया गया। यह चुनाव 2023 to 2027 के लिए हुआ है ।



# मनीष झांझरी और राजीव जैन सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन ऑर्गेनाईजेशन के कार्यकारिणी की होली के पावन अवसर पर मीटिंग आयोजित की गई।राजस्थान जैन ऑर्गेनाइजेशन के महामंत्री पवन पंड्या ने बताया कि जैन सोशलग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के इंटरनेशनल डायरेक्टर के पद पर निर्वाचित होने पर मनीष झांझरी और संयुक्त सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने एवं सीकर डेयरी के प्रबन्ध संचालक पद पर नियुक्ति होने पर डॉ राजीव जैन का सम्मान किया गया।